लोक सभा

अतारांकित प्रश्ना संख्या:3527

21 दिसम्बय़र2015 को उत्तंर के लिए

स्पंज आयरन संयंत्र

3527. श्री अशोक महादेवराव नेते:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में महाराष्ट्र सहित देश में सरकारी और निजी क्षेत्रों में राज्य-वार कितने स्पंज आयरन संयंत्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) उक्त संयंत्रों के माध्यम से संयंत्र-वार कितने रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं;

(ग) क्या स्थानीय लोगों को सृजित रोजगार में कुछ आरक्षण देने का कोई प्रावधान है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों के संबंध में ब्यौरा क्या है और अब तक इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तघर

इस्पा्त और खान राज्यो मंत्री (श्री विष्णुज्देव साय)

(क): वर्तमान में महाराष्ट्रज समेत देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में स्थानपित स्पं ज आयरन संयंत्रों की संख्यार नीचे दी गई है:-

सार्वजनिक क्षेत्र		
क्र.सं.	राज्यज	यूनिटों की संख्या
1	तेलंगाना	1
सार्वजनिक क्षेत्र		
1	झारखण्डि	64
2	ओडिशा	122
3	पश्चिम बंगाल	41
4	छत्ती1सगढ़	57
5	गोवा	3
6	गुजरात	2
7	महाराष्ट्रि	13
8	आंध्र प्रदेश	8
9	कर्नाटक	31
10	केरल	2
11	तमिलनाडु	7
12	तेलंगाना	15
योग		366

(ख) से (घ): सरकार निजी क्षेत्र की यूनिटों के संबंध में कर्मचारियों की संख्याप के आंकड़ों का रख-रखाव नहीं करती है। सार्वजनिक क्षेत्र में एक स्पंाज आयरन संयंत्र का प्रचालन तेलंगाना राज्य के खम्माम जिले के पलोंछा में नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएमडीसी) द्वारा किया जा रहा है , जिसमें 194 कर्मचारी कार्य कर रहे है। सार्वजनिक क्षेत्र की यूनिटों में रोजगार के अवसर और आरक्षण एनएमडीसी की भर्ती नीति और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदान किये जाते है।

***